>

Title: Issue regarding supply of water and coal to Koderma Thermal Power Station in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं सबसे बड़ी बात यह कहना चाहता हूं कि कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन अभी शुरू नहीं हुआ है और वहां घोटाला शुरू हो गया है। आपको ताज्जुब होगा कि बोकारो थर्मल पावर प्लान्ट स्टेशन से पानी और कोयला कोडरमा जायेगा। जब कि बोकारों से इसकी दूरी 150 किलोमीटर है। यह मेरे संसदीय क्षेत्र में है।

हमारा आपसे आग्रह है कि बगल में गिरीडीह है, जहां पानी और कोयला दोनों उपलब्ध हैं। वहां से कोयला कांटी थर्मल पावर स्टेशन को जा रहा है। वह कोयला और पानी यदि वहां एडिशनल है तो वह कोडरमा को दिया जाए। ताकि जो माफियागिरी और भ्रष्टाचार है, उस पर अंकुश लग सके। मेरा आपसे आग्रह है कि इस पर अविलम्ब रोक लगाई जाए, अन्यथा एक नया घोटाला शुरू हो जायेगा। धन्यवाद।